# **बीएचईएल ने व्यावसायिक उत्कृष्टता के लिए सीआईआई – एग्जिम बैंक पुरस्कार 2024 जीता**




**नई दिल्ली, 28 नवंबर, 2024:** सतत उत्कृष्टता के अपने ट्रैक रिकॉर्ड की पुष्टि करते हुए, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने लगातार दूसरी वर्ष व्यावसायिक उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित सीआईआई-एक्जिम बैंक पुरस्कार 2024 जीता है।

यह पुरस्कार उत्कृष्टता, विविधता और गतिशील व्यावसायिक परिदृश्य के अनुकूल होने की क्षमता के प्रति कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। सीआईआई एक्जिम बैंक पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त यूरोपीय फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट (EFQM) के उत्कृष्टता मॉडल पर आधारित है।

बीएचईएल की हरिद्वार इकाई ने प्रतिष्ठित सीआईआई एक्जिम बैंक पुरस्कार जीता है। इसके साथ ही, भोपाल, हैदराबाद, झाँसी, रानीपेट और प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग मैनेजमेंट इकाइयों/प्रभागों को प्लेटिनम सम्मान मिला है।

यह पुरस्कार श्री जे.पी. श्रीवास्तव, निदेशक (ई, आर एंड डी) ने कॉर्पोरेट गुणवत्ता और संबंधित प्रभागों की टीमों के साथ 27 नवंबर, 2024 को बेंगलुरु में आयोजित 32वें सीआईआई उत्कृष्टता शिखर सम्मेलन में प्राप्त किए।

*****